


# लामडिंग दर्पण

## पूर्वोत्तर सीमा रेल, लामडिंग मंडल

वर्ष 6 - अंक 21 जनवरी-मार्च 2015

### मंडल रेल प्रबंधक का संदेश

आज संपूर्ण देश प्रगति और परिवर्तन के दौर से बड़ी तेजी से गुजर रहा है। लामडिंग-सिलचर सेक्शन के आमान परिवर्तन का कार्य निर्धारित समय-सीमा के अंदर पूरा कर मालगाड़ियों का आवागमन प्रारंभ किया जाना मंडल की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे क्षेत्र में खाद्य-आपूर्ति की समस्या सुलझाने में काफी हद तक सफलता मिली है। सेक्शन में यात्री सेवा शीघ्र प्रारंभ करने के लिए यात्री सुख-साधन की मदों तथा अन्य कार्य युद्ध स्तर पर चलाए जा रहे हैं, साथ ही मंडल में यात्रियों के सुख-साधन तथा अवसंरचना में लगातार वृद्धि की जा रही है। एक ओर जहाँ अनाधिकृत अतिक्रमण हटाकर परिभ्रमण क्षेत्र का विकास किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर मानवरहित समपार फाटकों को बंद कर रेल संरक्षा बढ़ाने और गतिप्रतिबंध घटाने का काम किया जा रहा है। कामाख्या-बेंगलुरू साप्ताहिक प्रीमियम एक्सप्रेस रेलगाड़ी का शुभारंभ किया जाना दक्षिण भारत के यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात सिद्ध हो रही है। कड़ी चुनौतियों के बावजूद मंडल में यात्री अर्जन, माल अर्जन तथा अन्य कोचिंग अर्जन के साथ-साथ लदान में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। यह हमारे रेल कर्मियों की समर्पित सेवाभाव और अथक परिश्रम का परिणाम है।

मंडल में साफ-सफाई, स्वच्छता तथा निर्मल परिवेश बनाए रखने के साथ ही कला-संस्कृति के प्रति जागरूकता के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। मंडल की विशेष गतिविधियों की जानकारी आप तक पहुँचाने के साथ-साथ कार्यालयीन कामकाज में राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने में मंडल की गृह पत्रिका 'लामडिंग दर्पण' का योगदान महत्वपूर्ण है।

मंडल रेल प्रबंधक

### अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी की कलम से....

राष्ट्र के विकास में राजभाषा की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण होती है। भारत जैसे विशाल देश में जहाँ असंख्य भाषाएं एवं बोलियाँ बोली जाती हो, ऐसे में किसी एक संपर्क भाषा का होना नितांत आवश्यक है जो सभी भाषा एवं क्षेत्र के जन मानस को एक सूत्र में बाँध सके। हमारी राजभाषा हिंदी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी का काम कर रही है। समाज एवं राष्ट्र की आत्मा और संस्कृति उसकी भाषा में निहित होती है। अतः देश का प्रबुद्ध नागरिक होने के नाते हमारा कर्तव्य है कि संविधान के अनुच्छेद 351 में दिए गए उपबंधों के अनुसार हिंदी का प्रचार-प्रसार बढ़ाने में सहयोगी बनें। हम अपने दैनिक सरकारी काम में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग कर इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन, नियमों के अनुपालन एवं हिंदी के प्रयोग-प्रसार में पत्रिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मंडल की गृह पत्रिका 'लामडिंग दर्पण' पिछले पाँच वर्षो से अपना सराहनीय योगदान दे रही है। अतः 'लामडिंग दर्पण' के निर्वाध प्रकाशन की मैं कामना करता हूँ।

अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

### लामडिंग-सिलचर सेक्शन में बड़ी लाइन की पहली रेलगाड़ी

लामडिंग-सिलचर सेक्शन के आमान परिवर्तन के लिए 1 अक्टूबर, 2014 से 31 मार्च 2015 तक 6 महिनों के लिए मेगा ब्लॉक लिया गया था। लेकिन रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तत्परता से निर्धारित समय से पहले ही सेक्शन मालगाड़ी आवागमन के लिए तैयार हो गया और दिनांक 27.03.2015 को माननीय केन्द्रीय रेलमंत्री द्वारा नई दिल्ली से रिमोट के माध्यम से लामडिंग से सालचापरा के लिए बड़ी लाइन की पहली मालगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



माननीय केन्द्रीय रेल मंत्री, श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु द्वारा नई दिल्ली से रिमोट के माध्यम से लामडिंग से सालचापरा के लिए बड़ी लाइन की पहली मालगाड़ी को हरी झंडी दिखाने का दृश्य।

इस ऐतिहासिक अवसर पर नई दिल्ली और लामडिंग के बीच एक वीडियो लिंक के साथ लामडिंग स्टेशन पर एक समारोह आयोजित किया गया। समारोह में श्री राजेन गोहांई, माननीय सांसद/नगांव, श्री आर.एस.विर्दी महाप्रबंधक/पूर्वोत्तर सीमा रेल, श्री आर. के. सिंह, महाप्रबंधक/निर्माण/ पूर्वोत्तर सीमा रेल और निर्माण संगठन तथा ओपन लाइन के अन्य अधिकारियों ने भाग लिया तथा सेक्शन की पहली बड़ी लाइन की रेलगाड़ी को झंडी दिखाकर रवाना किया।




श्री राजेन गोहांई, माननीय सांसद/नगांव, श्री आर.एस.विर्दी महाप्रबंधक/पूर्वोत्तर सीमा रेल, श्री आर.के.सिंह, महाप्रबंधक/निर्माण/ पूर्वोत्तर सीमा रेल द्वारा लामडिंग से सालचापरा के लिए बड़ी लाइन की पहली मालगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने का दृश्य।

लामडिंग दर्पण

वर्ष 6 अंक 21 जनवरी–मार्च 2015

## अध्यक्ष रेलवे बोर्ड का गुवाहाटी दौरा

श्री ए.के. मित्तल, अध्यक्ष रेलवे बोर्ड ने दिनांक 19.02.2015 को गुवाहाटी का दौरा किया। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री के 20.02.2015 को अरूणाचल प्रदेश के नाहरलगुन से नई ट्रेन 15617/15618 गुवाहाटी–नाहरलगुन इंटरसिटी एक्सप्रेस के शुभारंभ किए जाने के सिलसिले में गुवाहाटी का दौरा किया। उद्घाटन रेक के रख–रखाव और समारोह का नाहरलगुन के बीच वीडियो लिंक और साइट की स्थापना में लामडिंग मंडल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



गुवाहाटी में आगमन पर श्री ए.के. मित्तल अध्यक्ष रेलवे बोर्ड का स्वागत करते हुए महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल, श्री आर.एस.विर्दी।

## कामाख्या–बेंगलुरू साप्ताहिक प्रीमियम एक्सप्रेस का उद्घाटन

माननीय रेलमंत्री श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु ने दिनांक 29.01.2015 को 14.30 बजे बेंगलुरू से रिमोट लिंक द्वारा कामाख्या से बेंगलुरू के लिए कामाख्या–बेंगलुरू साप्ताहिक प्रीमियम एक्सप्रेस 22504/22503 रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बेंगलुरू और कामाख्या के बीच वीडियो लिंक सहित कामाख्या स्टेशन पर एक समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में पूर्वोत्तर सीमा रेल मुख्यालय; मालीगॉव और लामडिंग मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। श्री हेमन्त तालुकदार, स्थानीय विधायक ने कामाख्या से रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




कामाख्या–बेंगलुरू साप्ताहिक प्रीमियम एक्सप्रेस रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए स्थानीय विधायक, श्री हेमन्त तालुकदार।

दिनांक 30.01.2015 को संपूर्ण मंडल में हमारे राष्ट्र पिता को सम्मान देने के लिए दो मिनट का मौन रखकर शहीद दिवस का पालन किया गया।

## 66वां गणतंत्र दिवस समारोह

दिनांक 26.01.2015 को विवेकानंद रेलवे स्टेडियम, लामडिंग में 66वां गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक बड़े धूम–धाम से मनाया गया। समारोह में मंडल के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिजनों ने भाग लिया।



66वां गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर परेड की सलामी लेते हुए श्री नीरज कुमार, मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग

समारोह में भारत स्काउट एवं गाइड, लामडिंग तथा रेलवे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लामडिंग के बच्चों द्वारा रंगा–रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। रेल सुरक्षा बल, रेल सुरक्षा विशेष बल, राष्ट्रीय कैडेट कोर तथा भारत स्काउट एवं गाइड के मार्चफास्ट परेड समारोह का विशेष आकर्षण रहा।



गणतंत्र दिवस के अवसर पर रेलवे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगा–रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का दृश्य।

## समपार फाटक बंद किया जाना

संरक्षा की दृष्टि से समपार फाटक अत्यंत संवेदनशील माने जाते हैं। गति प्रतिबंध की वजह से गाड़ियों का समय–पालन भी प्रभावित होता है। रेलवे बोर्ड के दिशा–निदेशों के अनुसार मानवरहित समपार फाटकों को वैकल्पिक व्यवस्था के साथ बंद किया जाना आवश्यक है। अवधि के दौरान हैबरगॉव–मैराबाड़ी सेक्शन में कि.मी. 4/4–5 पर फाटक सं. एसएम–6, मानवयुक्त समपार फाटक को बंद किया गया। इस प्रकार संचयी प्रगति 5 हुई और रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित 4 के वार्षिक लक्ष्य को पार कर लिया गया।

## कामाख्या डिपो द्वारा जैव शौचालय में नवीकरण

जैव शौचालय में बाल वॉल्व को आसानी से संचालित करने के लिए ऑटो रिटर्न तंत्र के साथ एक सरल लीवर विकसित किया गया है। लीवर को खींचने पर (बायो टैंक के ऊपर लगे) वॉल्व खुल जाते हैं और लीवर को मुक्त करते ही स्प्रींग एक्शन के कारण स्वतः बंद हो जाते हैं। इस मॉडल का लाभ यह है कि केवल लीवर खींचकर पिट लाइन, सीक लाइन और यहाँ तक कि स्टेशन पर प्लेटफार्म क्षेत्र में भी इसे बहुत आसानी से संचालित किया जा सकता है।



जैव शौचालय में लगाए गए ऑटो रिटर्न तंत्र सहित सरल लीवर का दृश्य।

## अनाधिकृत अतिक्रमण

अवधि के दौरान अत्याधिक संवेदनशील एवं जटिल स्थानों के 56780 वर्ग मीटर क्षेत्र के 437 (सिलचर में 65, नावोजान में 4, बोकाजान में 79, बरपथार में 6, होजाई में 280 और जामुगुड़ी में 3) चुनौतीपूर्ण अनाधिकृत अतिक्रमण को हटाया गया। इस प्रकार संचयी प्रगति 1162 तथा क्षेत्रफल लगभग 124780 वर्ग मीटर प्राप्त की गई। साथ ही निर्धारित 500 के वार्षिक लक्ष्य को पार कर लिया गया।



होजाई स्टेशन में अनाधिकृत अतिक्रमण को हटाए जाने का दृश्य।

## शारीरिक क्षमता जॉच

दिनांक 13.02.2015 और दिनांक 14.02.2015 को रेलवे भर्ती सेल, मालीगॉव द्वारा लामडिंग में संचालित शारीरिक क्षमता परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसमें बहुत से अभ्यर्थियों ने भाग लिया।



जो लोग अपनी प्रशंसा के भूखे होते हैं, वे साबित करते हैं कि उनमें योग्यता नहीं है।

## संरक्षा जागरूकता

संरक्षा हमारी प्राथमिकता है। मंडल में रेल कर्मचारियों तथा स्थानीय जनता को रेलवे संरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए संरक्षा ड्राइव के साथ-साथ विविध कार्यक्रम किए जाते हैं। अवधि के दौरान मंडल रेल चिकित्सालय, लामडिंग, डीजल शेड/लामडिंग आदि स्थलों में संरक्षा विभाग द्वारा अधिकारियों/कर्मचारियों को अग्निशामक के प्रयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।



संरक्षा विभाग द्वारा रेलवे अस्पताल, लामडिंग में अधिकारियों/कर्मचारियों को अग्निशामक के प्रयोग के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिए जाने का दृश्य।

मानवरहित समपारों पर संरक्षा जागरूकता के लिए स्थानीय जनता के बीच पम्पलेट वितरित किए गए, हल्के वाहनों पर पर्चे चिपकाए गए, एसएमएस भेजे गए तथा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।



समपार फाटक पर पम्पलेट के माध्यम से सड़क उपयोक्ताओं को समपार पर संरक्षा की जानकारी देते हुए संरक्षा विभाग/लामडिंग का एक कर्मचारी।

## रेलवे संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्व और पूर्वोत्तर सर्किल, कोलकाता द्वारा लामडिंग/पाथरखोला- न्यू हाफलंग सेक्शन के आमान परिवर्तन कार्य का निरीक्षण

श्री एस.नाईक, रेलवे संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्व और पूर्वोत्तर सर्किल, कोलकाता ने दिनांक 19.03.2015 से 21.03.2015 तक लामडिंग/पाथरखोला-न्यू हाफलंग सेक्शन के आमान परिवर्तन कार्य का विस्तृत निरीक्षण किया। रेलवे संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग तथा मंडल के शाखा अधिकारी भी साथ थे। इस दौरान निर्माण संगठन का प्रतिनिधित्व मुख्य प्रशासनिक अधिकारी-III तथा अधिकारियों की उनकी टीम ने किया।

## मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

मंडल रेल प्रबंधक, श्री नीरज कुमार की अध्यक्षता में 4 मार्च 2015 को मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लामडिंग की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित विविध मदों के अनुरूप मंडल में राजभाषा के प्रयोग–प्रसार में अधिकाधिक वृद्धि लाने हेतु विस्तार से विचार–विमर्श किया गया।



4 मार्च 2015 को आयोजित मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति/लामडिंग की तिमाही बैठक का दृश्य।

## मंडल का अर्जन

### यात्री अर्जन

जनवरी–मार्च 2015 के दौरान यात्रियों की संख्या 4958704 हुई। फलस्वरूप गत वर्ष के ₹ 113.55 करोड़ की तुलना में ₹ 119.11 करोड़ का अर्जन हुआ। इस प्रकार यात्री अर्जन में कुल ₹ 5.56 करोड़ की वृद्धि हुई है।

### माल अर्जन

मंडल में कोयला, खनिज तेल आदि आय के प्रमुख स्रोत हैं। गत वर्ष के ₹ 45.25 करोड़ की तुलना में जनवरी–मार्च 2015 के दौरान माल अर्जन से कुल ₹ 60.69 करोड़ की प्राप्ति हुई। इस प्रकार माल अर्जन में कुल ₹ 15.44 करोड़ की वृद्धि हुई है।

### अन्य कोचिंग अर्जन

गत वर्ष के ₹ 15.85 करोड़ की तुलना में जनवरी–मार्च 2015 में अन्य कोचिंग अर्जन से कुल ₹ 19.67 करोड़ की प्राप्ति हुई है। इस प्रकार अन्य कोचिंग अर्जन में कुल ₹ 3.82 करोड़ की वृद्धि हुई है।

### अन्य विविध अर्जन

गत वर्ष के ₹ 2.00 करोड़ की तुलना में जनवरी–मार्च 2015 के दौरान इंजीनियरी के विविध प्राप्तियों सहित अन्य विविध प्राप्तियों से ₹ 6.25 करोड़ का अर्जन हुआ। इस प्रकार अन्य विविध अर्जन में कुल ₹ 4.25 करोड़ की वृद्धि हुई है।



थोड़ा पढ़ना, अधिक सोचना, कम बोलना, अधिक सूनना, यह बुद्धिमान बनने के उपाय हैं।

—— रवीन्द्रनाथ टैगोर

## ताजी हवा शिविर/2015

दिनांक 21.03.2015 एवं 22.03.2015 को लामडिंग मंडल द्वारा कर्मचारियों के स्वास्थ्य लाभ के लिए माजुली में कर्मचारियों की ताजी हवा शिविर, 2015 का आयोजन किया गया। शिविर में मंडल के रेल अधिकारी/कर्मचारी तथा उनके परिजनों ने भाग लिया।



'माजुली' में ताजी हवा शिविर के एक यादगार पल का दृश्य।

## कार्मिक कल्याण

मंडल में जनवरी–मार्च 2015 की अवधि में समूह 'घ' में अनुकंपा के आधार पर 37 तथा समूह 'ग' में 10 उम्मीदवारों को रेल सेवा में नियुक्ति प्रदान की गई।

अवधि के दौरान स्पोर्ट्स कोटा के तहत समूह 'घ' में 4 तथा स्काउट एवं गाइड कोटा के तहत समूह 'ग' में 2 उम्मीदवारों को रेल सेवा में नियुक्ति प्रदान की गई।

इस अवधि में अधिवर्षिता के आधार पर 127 तथा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के कुल 4 मामलों का निपटान किया गया।

अवधि के दौरान LARGESS के तहत कुल 46 कर्मचारियों के आश्रितों को रेल सेवा में नियुक्ति प्रदान की गई।




दिनांक 31.03.2015 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में सेवा–निवृत्ति के लिए आयोजित निपटारा बैठक का दृश्य।

संरक्षक
नीरज कुमार
मंडल रेल प्रबंधक

मुख्य संपादक
संजय नैय्यर
अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

संपादन एवं सहयोग
एस. कनौजिया
वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय

आर.के.कोईरी
राजभाषा अधिकारी